FIROZABAD POLICE

सुरक्षा आपकी संकल्प हमारा

# प्रेस नोट दिनांक 11.09.2026 सर्विलांस सेल जनपद फिरोजाबाद ।

## वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री आदित्य लांग्हे के निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक श्री राजेश घुनावत के निकट पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी साइबर अपराध श्री शेखर सेंगर के कुशल नेतृत्व में सर्विलांस सेल एवं जनपद पुलिस टीम द्वारा सीईआईआर (CEIR) पोर्टल पर मोबाइल गुम होने के संबंध में दर्ज शिकायतों के आधार पर कुल 151 मोबाइल फोन बरामद कर उनके आवेदकों के सुपुर्द किए गए ।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में गुम हुए मोबाइल फोनों की बरामदगी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्री राजेश घुनावत (नोडल अधिकारी CEIR Portal), अपर पुलिस अधीक्षक नगर एवं अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निकट पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी साइबर अपराध के कुशल नेतृत्व में सर्विलांस सेल टीम द्वारा जनपद के समस्त थानों की पुलिस टीम के साथ समन्वय स्थापित करते हुए आवेदकों द्वारा सीईआईआर पोर्टल पर दर्ज करायी गयी मोबाइल गुमशुदगी की शिकायतों का संज्ञान लिया गया ।

- अभियान के क्रम में विभिन्न कम्पनियों के कुल 151 गुम मोबाइल फोन बरामद कर उनके आवेदकों के सुपुर्द किए गए । बरामद मोबाइल फोनों की अनुमानित कीमत लगभग 31 लाख रुपये है ।
- जनपद फिरोजाबाद में अब तक सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से कुल 1898 मोबाइल फोन विभिन्न जनपदों/राज्यों की पुलिस के साथ समन्वय स्थापित कर बरामद करते हुए उनके आवेदकों के सुपुर्द किए जा चुके हैं ।

अपने गुम हुए मोबाइल फोन वापस पाकर आवेदकों द्वारा फिरोजाबाद पुलिस का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया गया ।

**नोट-** भारत सरकार द्वारा देशभर में गुम हुए मोबाइल फोनों की शिकायत दर्ज करने एवं उनकी बरामदगी में सहायता हेतु सीईआईआर पोर्टल (CEIR Portal – Central Equipment Identity Register) संचालित किया जा रहा है । इस पोर्टल के माध्यम से आवेदक अपने गुम हुए मोबाइल फोन की शिकायत दर्ज करा सकते हैं ।

**कम्पनियों का विवरण निम्नवत है:-**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आईक्यू | 04 | टेक्नों | 03 | रीयलमी | 23 | वीवो | 43 |
| आईटेल | 01 | नथिंग | 01 | रेडमी | 11 | सैमसंग | 10 |
| इनफिनिक्स | 05 | पोको | 07 | लावा | 02 | | |
| ओप्पो | 25 | मोटोरोला | 10 | वन प्लस | 06 | | |

**बरामदगी करने वाली पुलिस टीम-**

1. निरीक्षक श्री मुकेश कुमार प्रभारी सर्विलांस सेल मय टीम जनपद फिरोजाबाद ।
2. समस्त थाना प्रभारी/प्रभारी निरीक्षक मय टीम जनपद फिरोजाबाद ।